सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन नैनीताल दिनांक 05 जून, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को शेरवुड कॉलेज, नैनीताल के 154वें वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान राज्यपाल ने स्कूल में कई दशकों से अनवरत सेवाएं देने वाले शिक्षकों व स्टाफ को सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक गतिविधियों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को भी राज्यपाल ने सम्मानित किया।

वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शेरवुड 154 वर्षों से गौरवशाली इतिहास के साथ शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण से बड़ी भूमिका निभा रहा है। शेरवुड जैसे प्रतिष्ठित स्कूल का हिस्सा होना अपने आप में सौभाग्य का विषय है। यहां से पढ़े लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में देश की गौरवपूर्ण सेवा की है। उन्होंने कहा कि फील्ड मार्शल मानेक शॉ हो या प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा हों इसके अलावा अनेकों ऐसे नाम हैं जिन्होंने अपने–अपने क्षेत्रों में शेरवुड स्कूल व देश को गौरवान्वित किया है।

राज्यपाल ने कहा कि छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर आप सभी को देश व समाज के बेहतर निर्माण हेतु अपना योगदान देना है। अमृतकाल के 25 वर्षों में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण होने वाला है जो विकसित भारत, विश्वगुरु भारत व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना का साकार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है इसमें आप सभी युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भागीदारी रहेगी।

राज्यपाल ने कहा कि छात्र–छात्राएं अपने अंदर आत्मानुशासन, आत्मनियंत्रण और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ–साथ दया, करूणा जैसे गुणों को भी धारण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा या सीखना एक सतत प्रक्रिया है और हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहें। अपने माता–पिता, गुरुजनों और सच्चे दोस्तों को कभी न भूलें। राज्यपाल ने स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों सहित स्कूल के संस्थापक सदस्यों को बधाई दी और कहा कि उनके द्वारा इस शिक्षा के मंदिर को विद्यार्थियों हेतु, सर्वांगीण विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया है। इस कार्यक्रम में स्कूल के पूर्व छात्र रहे जीओसी 51 सब एरिया मेजर जनरल राकेश कुमार झा ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू सहित स्कूल के शिक्षक छात्र–छात्राएं और पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

..........0..........

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल   उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0 / फै0 05942–235001–3